प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21.01.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज अटल पेंशन योजना को 2030–31 तक जारी रखने के साथ ही प्रचार और विकासात्मक गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल बैठक में लिया गया। यह योजना 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद प्रति माह एक हजार से पांच हजार रुपये तक की न्यूनतम गारंटीकृत पेंशन प्रदान करती है, जो लाभार्थी के योगदान पर निर्भर करती है। इस योजना के अंतर्गत अब तक आठ करोड़ 66 लाख से अधिक लाभार्थी पंजीकृत हो चुके हैं।

****

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बूथ स्तरीय अधिकारी देश में निर्वाचन आधारित लोकातांत्रिक व्यवस्था के स्तंभ हैं। लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन–2026 में श्री कुमार ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है और प्रत्येक पात्र मतदाता को शामिल करते हुए निष्पक्ष मतदाता सूची बनाए रखना लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। नई दिल्ली में आयोजित तीन दिन के इस सम्मेलन में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के नेतृत्व में राज्य का प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहा है। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी, भारतीय प्रबंधन संस्थान, रांची और संत जेवियर्स कॉलेज के विशेषज्ञ शामिल हैं। इस दौरान झारखंड की ओर से मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता सूची विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया जायेगा।

****

झारखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण से पहले मतदाता सूची की पैरेंटल मैपिंग का काम तेजी से चल रहा है, जो अब तक 71 दशमलव 5 प्रतिशत पूरा हो चुका है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के अनुसार, लगभग 1 करोड़ 76 लाख मतदाताओं की मैपिंग पूरी की जा चुकी है।

****

दावोस में जारी वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक में झारखंड ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बाद गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को भी व्हाइट बैज से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मुख्य सचिव अविनाश कुमार को भी डब्ल्यूईएफ बैज दिया गया।

****

झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने यूके दौरे पर विशेषज्ञों के साथ राज्य की मेगालिथ और मोनोलिथ विरासत के संरक्षण पर चर्चा की। मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक प्रबंधन के जरिए इन प्राचीन स्थलों को वैश्विक पहचान दिलाना और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए ठोस रणनीति तैयार करना है।

****

हजारीबाग में उपायुक्त के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मो. मंजर हुसैन ने इन्द्रपुरी चौक पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक स्टोर से भारी मात्रा में एक्सपायर्ड कोल्ड ड्रिंक्स नष्ट कराई गई और बिना लाइसेंस काम करने व मिलावट के संदेह में बेसन, दूध और पनीर के सैंपल लैब भेजे गए।

****

कोडरमा में सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस सिलसिले में झुमरी तिलैया में एसपी और परिवहन विभाग के नेतृत्व में एनसीसी कैडेटों ने प्रभात फेरी निकाली। रैली के जरिए हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के पालन की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि अभियान के तहत जुर्माना और जागरूकता कार्यक्रम साथ–साथ चल रहे हैं।

****

झारखंड एकेडमिक काउंसिल, जैक ने वर्ष 2026 के लिए कक्षा 8, 9 और 11 की परीक्षा तिथियां घोषित कर दी हैं। कक्षा 8 की परीक्षा 24 फरवरी, 11वीं की 25 फरवरी और 9वीं की 28 फरवरी से शुरू होगी। सभी परीक्षाएं ओएमआर शीट पर दो पालियों में होंगी और प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय मिलेगा।

*******समाप्त*******